एंटोनियो गुटेरेस : संयुक्त राष्ट्र संघ के पुन: महासचिव

पुर्तगाल के पूर्व प्रधानमंत्री एंटोनियो गुटेरेस (Antonio Guterres) को दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ का महासचिव चुना गया है।

- गुटेरेस का दूसरा कार्यकाल 1 जनवरी, 2022 से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर, 2026 तक रहेगा।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के अध्यक्ष वोल्कन बोजाकिर ने 5 वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए गुटेरेस के चुनाव की घोषणा की।
- 72 वर्षीय गुटेरेस वर्ष 1992 से वर्ष 2002 तक पुर्तगाल के प्रधानमंत्री रहे थे। बाद में वर्ष 2005–15 के दौरान शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त रहे थे।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अब तक के महासचिव

1.	ट्रिग्वे ली (नॉर्वे)	1946–52
2.	डाग हैमरशोल्ड (स्वीडन)	1953–61
3.	यू थांट (म्यांमार)	1961–71
4.	कुर्त वाल्दहीम (ऑस्ट्रिया)	1972–81
5.	जेवियर पेरेज डी कुइयार (पेरू)	1982–91
6.	बुतरस बुतरस घाली (मिस्र)	1992–96
7.	कोफी अन्नान (घाना)	1997–2006
8.	बान की–मून (दक्षिण कोरिया)	2007–2016
9.	एंटोनियो गुटेरेस	2017–2026